दिया जाता है तो हमें अपना रोष प्रकट करने के लिए सदन से वाक-आउट करना पड़ेगा। अब मैं और मेरी पार्टी के लोग सदन से वाक-आउट कर रहे हैं।

---

12.23 Hrs

SHRI MANI RAM BAGRI AND SOME OTHER HON. MEMBERS THEN LEFT THE HOUSE.

**श्री जगपाल सिंह** : भारत सरकार ने आदेश दिया है कि गवर्मेन्ट की फैक्टरीज भी 21 रुपए 50 पैसे क्विंटल गन्ने को कीमत देगी। मेरे क्षेत्र लक्सर में जो फैक्टरी है वह 21 रुपए 50 पैसे के हिसाब से गन्ने की कीमत रसीद पर नहीं डाल रही है। मैं मांग करता हूं कि गवर्मेन्ट फैक्टरीज भी 21 रुपए 50 पैसे के हिसाब से कीमत दें नहीं तो मैं भी सदन से वाक-आउट करता हूं।

*Shri Jagpal Singh and some other hon. Members then left the House.*

MR. DEPUTY SPEAKERS IN THE CHAIR

---

12.24 Hrs.

CALLING ATTENTION MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Situation arising out of drought, famine and reported starvation deaths in the country.

**श्री रामविलास पासवान** (हाजीपुर) : मैं अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर कृषि मन्त्री का ध्यान दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वह इस बारे में एक वक्तव्य दें।

"देश के विभिन्न भागों में सूखा, अकाल और भुखमरी से हुई कथित मौतों से उत्पन्न स्थिति और इस सम्बन्ध में किये गये प्रभावी उपाय।"

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN) : Sir,

Hon'ble Members will recall the statement made by me on 18th March, 1983 in response to the Calling Attention Motion moved by Shri Narain Choubey and other members of this House regarding drought conditions in many States. I have already informed the House that the Central Government had sanctioned a record level of assistance to the States during 1982-83 to meet the drought situation. Altogether ceilings of expenditure upto Rs. 409.06 crores were communicated to 12 States and one Union Territory to be utilised by 31.3.1983. Of this assistance, Rs. 207.49 crores were earmarked for employment generation. Works opened with this assistance would have generated enough employment and purchasing power in the hands of the people. A total quantity of 1.13 lakh tonnes of foodgrains have been allotted to States to be utilised for payment of part wages to labour in kind at the rate of 1 kg. of foodgrain per man day. Funds have also been sanctioned under the head 'gratuitous relief' and 'nutritional programme' to sustain the old, the inform and the indigent, as well as pre-school going children and expectant mothers.

2. Since I last informed the House about the relief measures taken by the Government to meet the drought situation. Central Teams have completed their visits to Tamil Nadu, Karnataka, West Bengal and Bihar. Reports of the Central Teams in respect of Tamil Nadu, and Karnataka have been considered by the High Level Committee and they are at an advanced stage of processing for release of sanctions, In the meantime, an amount of Rs. 15 crore each for both these States was released last month by way of advance 'on-account' for continuing relief operations. Reports of the Central Teams which visited Bihar and West Bengal for the second and third time respectively have been received and placed before the High Level Committee. Recommendations of the Inter-Ministerial Group in respect of Pondicherry and Madhya Pradesh have also been submitted to the High Level Committee. We have also received a supplementary memorandum on drought from Kerala. A memorandum was

received from Mizoram, where unfavourable conditions have been created by heavy rainfall in the months of February and March last. The case of Mizoram has been considered by the Inter-Ministerial Group on 6th April. Sanction is soon expected to issue from Finance Ministry. A Central Team shall be going to Kerala soon. A request has also been received from Rajasthan be depute a team for assessing its requirements for the period April-September, 1983. Their request is to be considered in a meeting of the inter-Ministerial Group on 20.4.1983. Meanwhile, an amount of Rs. 11 crore has been sanctioned on *ad-hoc* basis for continuing relief measures during the current year. A second memorandum has also been received from the Government of Andhra Pradesh on 7th of this month which is under processing.

3. Providing relief to the people is a continuing exercise and as explained earlier, requests of the States for assistance during the current financial year are also under active consideration. Sanctions to the extent of Rs. 50.38 crores have already been issued to five States for the current year, 1983-84. As the new financial year has just begun, the entire margin money as well as the budgetary provisions under different sectors are available to the States for continuing the relief measures. Central assistance to supplement their efforts in this behalf would be sanctioned as the cases are finalised.

4. The position of drinking water in Madras City is reported to be serious. The city's water supply is from the lake situated in the Red Hills about 15kms. north of Madras. The Cholavaram Tank and Poondi reservoir are the feeder sources to this lake. Because of scanty rainfall in the catchment of these reservoirs, the inflow in the lake has been very poor. Fortunately, the ground water supply is available and the State Government are trying to tap this source to the maximum extent. The supply position is being augmented through tubewells, handpumps and digging of open wells. Areas not served by existing pipelines and wells are being supplied water through lorries and railway wagons. Our Prime Minister visited Tamil Nadu on 28th March and saw some relief works in the interior of North Arcot district. She also toured Madras city where she was apprised of the drinking water problem. She announced an immediate sanction of Rs. 10 crores for the State by way of 'on-account' advance, Rs. 5 crores had been sanctioned earlier. She also sanctioned Rs. 10 lakhs from the Prime Minister's National Relief Fund.

5. Government's attention was drawn to the reports of starvation deaths which appeared in some newspapers. Upon enquiries made from the State Governments, it has been confirmed by them that no starvation deaths have taken place anywhere. Some Hon'ble Members of the House mentioned about famine conditions in Western Rajasthan accordingly a team of officers was deputed to visit the State. This team visited Jodhpur, Pali, Jaisalmer and Barmer districts and also hold discussions with the State officials. They also called on the Chief Minister. The State Government assured them that foodgrains are available at reasonable price.

6. Government have adequate stocks of foodgrains in the national buffer and I am sure Hon'ble Members will commend the Government's decision to replenish the buffer stocks through imports contracted some time back. Government are making adequate allocations of foodgrains to the States for public distribution system. In the month of February 12.79 lakh tonnes, in March 13.28 lakh tonnes and for the current month 13.93 lakh tonnes of foodgrains have been allotted to the States. It would be seen that Government are alive to the situation and have been continually increasing the allotment.

7. States have been advised to enforce strict monitoring and to keep the Central Government informed about the utilisation of the Central assistance and the foodgrain allotment. They have been particularly advised to monitor the drinking water situation, cattle conservation, employment generation and nutritional status of the vulnerable groups at village level.

8. I wish to assure the House that Government are fully seized of the situation and will extend all possible assistance to the States in this hour of distress.

**श्री राम विलास पासवान** : उपाध्यक्ष महोदय,

**कृषि मन्त्री (राव वीरेन्द्र सिंह)** : बागड़ी साहब, वापिस आ गये आप ?

**श्री मनीराम बागड़ी (हिसार)** : आपको समझाना भी तो है।

**श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर)** : अभी मंत्री जी ने 4 पेज के अपने वक्तव्य में जो कुछ कहा है, यदि उसमें से कुछ निकाला जाये कि इन्होंने क्या कहा है तो इन्होंने कुछ नहीं कहा है।

**श्री रामावतार शास्त्री (पटना)** : खोदा पहाड़, निकली चुहिया।

**श्री राम विलास पासवास**: यहां तो कुछ निकला ही नहीं।

18 मार्च, 1983 का हवाला देते हुए इन्होंने 3,4 बातें मुख्य रूप से कहीं। इस सदन में जहां सबसे बड़ा "सत्यमेव जयते" लिखा हुआ है, इन्होंने स्वयं कहा है कि हमारी केन्द्रीय टीम वहां गई, वहां गई। यह बड़ा विचारणीय प्रश्न है, सारा सदन और पूरा देश इस बात को जानता है कि पूरे देश में भयंकर दुर्भिक्ष है, सूखा है और इन्होंने जवाब में कहा है कि अभी तक एक आदमी की भी मृत्यु इससे नहीं हुई है।

**श्री राव वीरेन्द्र सिंह** : हमने मरने नहीं दिया है किसी को।

**श्री राम विलास पासवान** : आपने मरने नहीं दिया ?

**राव वीरेन्द्र सिंह** : मृत्यु हो नहीं सकती, इस सरकार के होते हुए।

**श्री राम विलास पासवान** : राव साहब मैं आपको यह बतलाता हूं कि यह अकाल 1943 के अकाल से भी भयंकर है और आप कहते हैं कि एक आदमी भी नहीं मरा है। मैं कहता हूं कि इस साल के अन्त तक लाखों से ज्यादा लोग मरेंगे और हजार से ज्यादा तो मर चुके हैं। आप किस रूप में मौत चाहते हैं ? क्या आपकी कोठी पर लोग लाश लाकर रखेंगे तब आप कहेंगे कि लोग मरे हैं ?

उपाध्यक्ष महोदय, आपकी स्टेट तमिलनाडु में रेलवे से पानी पहुंचाया जा रहा है जो कि आज तक के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ है कि पानी के बगैर लोग घुट-घुट कर मर रहे हैं। यह सरकार पार्लियामेंट में गर्व से कहती है कि एक आदमी की भी मृत्यु नहीं हुई है। इसका मतलब यह है कि एक भी मृत्यु नहीं हुई है तो आपके फैमिन कोड में कहीं त्रुटि है, उसको आप बदलिये। इस सदन में आप सीधी सी बात कहिये कि देश में दुर्भिक्ष है या नहीं ?

**राव वीरेन्द्र सिंह** : हम मान रहे हैं।

**श्री राम विलास पासवान** : जब देश में अकाल है तो आपने कितनी जगहों को अकाल क्षेत्र घोषित किया है ? जब अकालग्रस्त क्षेत्र आप किसी को घोषित नहीं करेंगे तो फैमिन कोड कैसे लागू करेंगे ?

**राव वीरेन्द्र सिंह** : यह तो स्टेट गवर्नमेंट करती है। हम तो एसिस्टैंस देते हैं।

**श्री राम विलास पासवान** : ज्यादा से ज्यादा स्कैरसिटी एरिया तो कहिये। मेरा एक प्रश्न था—Whenever large number of persons have died due to the starvation deaths in Santhal Pargana, Navada, Chhota Nagpur and some other districts of Bihar ?

सरकार ने जवाब किया —

"According to the information received from the Government of Bihar no starvation deaths have taken place in any part of the State. The State Government have reported that when the news of starvation deaths appeared in the local presss, a thorough enquiry was made and, on verification of the news, all the reported deaths were found to be baseless."

सरकार से पूछा गया —

"If so, the details of the persons died due to starvation deaths ?"

जवाब दिया गया —

"Does not arise."

आगे पूछा गया —

> "the schemes formulated by the State Government to meet the situation ?"

जवाब मिला —

> "The Government of Bihar has reported that three quintals of foodgrains have been kept in reserve in every panchayat."

सरकार के कथनानुसार तीन क्विंटल अर्थात 300 किलो एक पंचायत में रखा गया है, जबकि पंचायत की पापुलेशन दस हजार के करीब होती है। सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक 15 राज्यों में 4.80 करोड़ हैक्टेयर से अधिक फसलें सूख गई हैं, 200 जिले और 27.17 करोड़ लोग प्रभावित हैं। पानी कहीं नहीं है, बिजली की कमी है। जब आधे से अधिक जनसंख्या को सूखे ने प्रभावित किया है, तब मंत्री महोदय बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि एक पंचायत में तीन क्विंटल अनाज रिजर्व रख दिया गया है ! सब लोग मर जाएंगे और तीन क्विंटल धरा रह जाएगा।

उसके बाद उन्होंने कहा है :—

> "Foodgrains are being distributed to the needy and indigent persons as gratuitous relief in the affected areas up to one per cent of the population.

पचास परसेन्ट पापुलेशन एफेक्टिड है, लेकिन देंगे सिर्फ एक परसेन्ट को ! सरकारी आंकड़ों के मुताबिक हिन्दुस्तान की टोटल जनसंख्या 68 करोड़ में एक करोड़ लोग तो अंधे हैं, दो करोड़ को टी बी की बीमारी है, लूले-लंगड़े हैं। मैं जानना चाहता हूं कि सरकार ने ड्राउट सिचुएशन को मीट करने के लिए क्या व्यवस्था की है।

उन्होंने यह भी कहा है : —

> "Under the National Rural Employment Programme, 14,413 schemes are in progress all over the State in which over 9 lakh agricultural labourers are employed."

बिहार में हर एक जिले से मजदूर दूसरे राज्यों में भाग रहे हैं। श्री भगवात झा आजाद बैठे हुए हैं। बिहार के कोई भी माननीय सदस्य, चाहे वह इस तरफ के हों या उस तरफ के, कह दें कि उनके जिले से मजदूर दूसरे राज्यों में नहीं भाग रहे हैं। मंत्री महोदय कहते हैं कि 9 लाख लोगों को रोजगार देने के लिए स्कीम बना दी है। श्री भगत का जिला . . .

**श्री बी आर भगत** (सीतामढ़ी) : मेरे जिले से एक लाख आदमी पंजाब में गए हैं।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : वे तो हमेशा जाते हैं।

**श्री राम विलास पासवान** : 14 मार्च, 1983 को अनस्टार्ड क्वेश्चन नम्बर 2455 में सरकार से पूछा गया कि कितना क्राप एरिया एफेक्टिड है। जवाब मिला ,कि कुल मिला कर 428.73 लाख हैक्टेयर जमीन प्रभावित है। अकाल इस सरकार के बस की बात नहीं रही है। इस देश का दुर्भाग्य है कि एक तरफ देश बाढ़ से पीड़ित है और दूसरी तरफ अकाल से। बाढ़ और सुखाड़ इस देश को भून कर खा रहे हैं। यदि आप रिपोर्ट देखेंगे तो उसके मुताबिक 1953 से लेकर 1982 तक बाढ़ से 11,630 करोड़ रुपए की क्षति हुई है और सूखे से प्रति वर्ष 185 करोड़ की क्षति हुई है। बाढ़ के लिए छठी पंचवर्षीय योजना तक 10,200 करोड़ की राशि रखी गई और 1951 से 1982 तक सिंचाई के लिए 19,081 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

पी. ए. सी. की रिपोर्ट अभी दो दिन पहले ही इस सदन में पेश की गई है। उसको पढ़ने से मालूम होगा कि सिंचाई के मामले में क्या घांधली हुई है, कितने दिनों में सिंचाई की योजनायें तैयार होनी थी और कितने दिन के बाद तैयार हुई और कितना खर्चा बढ़ा, कितना करप्शन है और किसको प्रायर्टी मिलनी चाहिए थी, किसको मिल गई। इस देश में कृषि मन्त्री के अनुसार, 1,430 लाख हैक्टेयर टोटल कृषि भूमि है जिसमें से 1,050 लाख हैक्टेयर केवल

वर्षा पर निर्भर है। उसके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। यह बात सही है कि एक दिन में बाढ़ और सुखाड़ के लिए कार्यक्रम नहीं बनाए जा सकते लेकिन कुछ ठोस योजनायें बनाई जानी चाहिए और सदन को आश्वासन मिलना चाहिए कि कितने दिनों में उनको लागू किया जायेगा।

मैंने पार्लियामेंट में एक प्रश्न किया था जिस मुताबिक 185 मिलियन हैक्टेयर जमीन में से सिर्फ 37 मिलियन हैक्टेयर जमीन पर सिंचाई की व्यवस्था की गई है और बाकी भूमि इन्द्र भगवान पर आश्रित है। यहां पर तो हम इन्दिराजी के आश्रित हैं और ऊपर इन्द्र भगवान के आश्रित हैं। गवर्नमेंट के अनुसार 60 लाख हैक्टेयर जमीन में वाटरलागिंग होती है और जो वर्षा का पानी है उसका केवल 14 प्रतिशत ही हम यूटिलाइज कर पाते हैं।

मेरे पास स्टेटवाइज फीगर्स हैं। मैं बता सकता हूं कि कहां पर कितने लोग सूखे से प्रभावित हैं। राजस्थान में राहत मन्त्री के अनुसार 23,572 गांवों में 1 करोड़ 77 लाख आदमी तथा 2 करोड़ 60 लाख मवेशी सूखे की चपेट में हैं और आगे अभी स्थिति और बिगड़ने वाली है क्योंकि मई और जून का महीना बाकी है। 27 जिलों में से 26 जिले बिल्कुल सूखे में हैं।

इसी तरह से केरल की रिपोर्ट के अनुसार पिछले सौ वर्षों में वहां पर कभी ऐसा सूखा नहीं पड़ा है। वहां पर 3 लाख 23 हजार हैक्टेयर धान की फसल नष्ट हो गई है और 400 करोड़ रुपए का फसल में नुकसान हुआ है। 1300 में से 100 गांव बुरी तरह से सूखे से झुलस गए हैं। राज्य सरकार ने केन्द्र से 200 करोड़ रुपए की मांग की है।

पश्चिम बंगाल के साथी भी यहां पर बैठे हैं। रोज हंगामा होता है। एक हजार करोड़ की फसल को वहां पर नुकसान पहुंचा है। पिछली बार जब श्री नारायण चौबे बोल रहे थे, तो पश्चिम बंगाल के सम्बन्ध में उन्होंने बहुत कुछ बतलाया था। हमारे यहां बिहार में कोई ऐसा जिला नहीं है जहां लोग भूख से न मर रहे हों और पानी के बगैर न मर रहे हों लेकिन सरकार के पास एक ही जवाब है कि कोई भूख से नहीं मर रहा है। लेकिन भूख से कैसे लोग मरते हैं, यह भी आप जान लीजिए। आप राजस्थान की रिपोर्ट पढ़िए। पत्रिका का रिपोर्टर लिखता है कि जब वह वहां पर जानकारी करने के लिए गया तो लाना जोकि ऊंट के खाने की घास होती है, उसको पीस कर लोग रोटी खा रहे थे। अब्दुल लोहार ने घास की रोटी का टुकड़ा दिखलाया। जब लोग मरने को होते हैं तब जो चीज नहीं खानी चाहिए उसको भी अपनी जान बचाने के लिए खाते हैं। जब वह उसको खाएगा और गन्दा पानी पीएगा, तो क्या उसकी मृत्यु नहीं होगी। डाक्टर की रिपोर्ट के मुताबिक उसकी नार्मल मृत्यु होती है। जब भी डाक्टर उसको देखेगा तो कहेगा कि उसकी मृत्यु भूख से नहीं हुई है, इसकी मृत्यु हुई है बीमारी के कारण। इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह बहुत ही अहम सवाल है। इस देश में 35 सालों की आजादी के बाद भी लोग भूख से मरें, लोगों को पानी नहीं मिले, यह कितने शर्म की बात है। लोग एक-दो की संख्या में नहीं हजारों की संख्या में मर रहे हैं और प्रतिवर्ष मर रहे हैं। यह गांधी जी का देश है, लोहिया जी का देश है और जिस देश में एक-एक चींटी को चीनी खिलाई जाती है और ऐसे चला जाता है जिससे की उसकी हत्या न हो जाए, लेकिन देश के लोग कीड़े-मकोड़े की तरह से मर रहे हैं। यह आजाद भारत और इस सरकार के लिए कलंक की बात है। बिहार में ऐसा कोई जिला नहीं है, जहां लोग भूख से नहीं मर रहे हैं और वहां अकाल की छाया न पडी हो। मेरे पास हर जिले की रिपोर्ट है, लेकिन समय कम होने की वजह से मैं उसमें नहीं जाऊंगा। उड़ीसा की स्थिति और भी खराब है। वहां सामान्य

उत्पादन 42 लाख टन होता है, जिसमें से 19 लाख चावल की फसल नष्ट हो गई है। 314 प्रखण्डों में से 283 प्रखण्ड सूखे से प्रभावित है। गुजरात में 85 सूखे से प्रभावित है और मध्य प्रदेश की स्थिति भी इसी प्रकार की है।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : हम खुद कह रहे हैं, मान रहे हैं।

**श्री राम विलास पासवान** : आपने अपने स्टेटमेंट में यह नहीं बताया है।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : पहले बताया है।

**श्री राम विलास पासवान** : आपको स्टेटमेंट में बताना चाहिए था कि वर्तमान समय में किस स्टेट में कितने जिले इससे प्रभावित हैं। आप प्रखण्ड के हिसाब से नहीं चलते हैं। आपने 14 मार्च के लिए कहा है, लेकिन आज 13 अप्रैल है—एक महीने में स्थिति बदल सकती है। एक महीने में, जिस प्रकार से मृत्यु की दर बढ़ रही है, अब मृत्यु की दर बढ़ सकती है और स्थिति और भी बदत्तर हो सकती है। 13 अप्रैल की जो स्थिति है, वह 13 मई तक नहीं रहेगी और 13 मई को जो स्थिति होगी वह 13 जून को नहीं रहेगी। एक महीना कह दिया तो सदन में डिस्कशन नहीं होना चाहिए था। अध्यक्ष महोदय ने इसकी गम्भीरता को समझा है। स्पीकर महोदय नें इन्डायरेक्टली आपके ऊपर सेंसर लगाया है। आपने पिछली बार जो कहा, उस पर आपने काम नहीं किया है। आपने स्थिति को गम्भीरता से नहीं समझा है। यही कारण है कि बार-बार अध्यक्ष महोदय इसका डिसकशन करा रहे हैं। तब तक डिस्कशन होता रहेगा जब तक मन्त्री जी आप कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं। मैं आपको कहता हूं कि समस्या का निदान आपको तुरन्त करना चाहिए।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : आप ठोस कदम बताइए।

**श्री राम विलास पासवान** : मैं बतलाऊंगा आपका ठोस कदम आखिर में। मेरे पास ठोस कदम है।

MR. DEPUTY SPEAKER : Supposing the Central Government announces a particular area, say West Bengal, Kerala or Tamilnadu, as a famine-striken area, but the State Government opposes it. What will happen ?

The State Governments must recommend that these are famine-stricken areas. Otherwise, the Central Government will be found fault with on encroaching upon the rights of the States. Please explain that.

**श्री राम विलास पासवान** : यहां बात उल्टी है। स्टेटमेंट रिकमैंड करती है, जनता द्वारा चुनी हुई सरकार कहती है, कि मेरे यहां अकाल है। लेकिन राव वीरेन्द्र साहब को उस लोकप्रिय सरकार के ऊपर विश्वास नहीं है, इनको विश्वास है अपने आफिसर्स के ऊपर। अपने ब्यूरोक्रेटस के ऊपर। उनको भेज दिया जाता है कि पता लगाकर आओ कि राज्य सरकार गलत है या सही है।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : क्या उनका सब मान लें ?

**श्री राम विलास पासवान** : सैन्ट्रल गवर्नमेंट को कहिये कि राज्य सरकार ने जो रिपोर्ट दी है उसी के मुताबिक जो एरिया फैमीन-एरिया, स्केअरसिटी एरिया है, उस को डिक्लेअर कर दें।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : इस का मतलब है कि सारा स्टेट बजट सेन्ट्रल अपना ले।

**श्री राम विलास पासवान** : जब आप रेलवे का टैक्स वसूलियेगा, इन्कमटैक्स वसूलियेगा, डाक-तार वसूलियेगा, दूसरे टैक्स वसूलियेगा, और राज्य में जब भुखमरी होगी तो क्या यह कहियेगा कि सारे का सारा रुपया वहां चला जाएगा ? यही तो लड़ाई है।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : स्टेट का सारा बजट सेंटर अपना ले, सेन्टर वहां का बजट पास करे।

**श्री रामविलास पासवान** : कहां का ?

**राव वीरेन्द्र सिंह** : सब स्टेट्स का।

**श्री राम विलास पासवान**: उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके तमिलनाडू की बात बतलाता

हूं। वहां की कृष्णा वाटर योजना को लीजिये। 1976 में प्रधान मन्त्री वहां गई थीं और वहां आप ही के श्री करुणानिधि मुख्य मन्त्री थे, जिन्हें डिस्मिस किया गया था।

MR. DEPUTY-SPEAKER : I do not know anything about it

श्री राम विलास पासवान : मैं कह रहा था कि वर्तमान प्रधान मंत्री वहां गई थीं और उस समय इसी सवाल को लेकर श्री करुणा-निधि को डिस्मिस किया गया था और घोषणा की गई थी—कृष्णा वाटर के सम्बन्ध में एक "वीरा" नाम का प्रोजेक्ट था, उस को स्टार्ट किया जायगा। यह घोषणा 1976 में की गई और अब 1983 चल रहा है—उस योजना का क्या हुआ ?

यू० पी० के 57 जिलों में से 46 जिले प्रभावित हैं। आप ने कहा है—मेरे हाथ में क्या है, जिस के लिये सुझाव देना चाहेंगे ? मेरा आग्रह है, मैं बहुत सीधी सी बात कहना चाहता हूं—एक तरफ बाढ़ और दूसरी तरफ सूखा, इन दोनों का समन्वय कर दें। जो अति-रिक्त पानी है, जो एडीशनल-वाटर है, जैसा मैंने कहा है कि 40 परसेन्ट वाटर का यूटिलाइजेशन होता है, बाकी वेस्ट चला जाता है, इसके उप-योग करने का रास्ता निकालें तो समस्या का 90 प्रतिशत निदान हो सकता हैं। लेकिन उस के लिये आप के पास कोई दृष्टि नहीं है और आपने यह कह दिया है कि मैं यह कर रहा हूं, वह कर रहा हूं, आजाद साहब का डिपार्टमेंट फलाँ काम कर रहा है। आजाद साहब के डिपार्टमेंट के बारे में रोज अखबारों में पढ़ते हैं—फेअर प्राइस शाप्स पर कहीं किसी को कुछ नहीं मिल रहा है। जिस तरह से आप का ब्यूरोक्रेटिक-सेट-अप है, आप उस का विश्वास कीजिये, अपने नौकर का विश्वास कीजिए, बी० डी० ओ० का विश्वास कीजिये, डी० एम० का विश्वास कीजिए, लेकिन वहां के जो सामाजिक कार्यकर्त्ता हैं उन का अवि-श्वास क्यों करते हैं ? इस भयंकर अकाल और सूखे के समय में आप उन से भी सहयोग ले सकते हैं। मैं आल पार्टीज की बात नहीं कहता, क्या आप की अपनी पार्टी में भी अच्छे कार्य-कर्त्ता नहीं हैं ? सभी लोगों का सहयोग लेकर आप अपनी योजना को चलाइये।

जहां इस तरह की बात होती है, लोग शिकायत करते हैं कि फलां आदमी भूख से मर गया, आप का कोई साधारण कार्यकर्त्ता या प्रेस रिपोर्ट अगर कह दे कि भूख से लोग मरे हैं तो फैमिन कोड के मुताबिक क्या होगा ? तुरन्त उस आफिसर को सस्पेण्ड किया जायगा। ऐसी हालत में कौन बी. डी. ओ., एस. डी. ओ. या डी. एम. कहेगा कि कोई भूख से मरा हैं। पूरी आबादी भी भूख से मर जायगी तो कोई नहीं कहेगा कि एक आदमी भी भूख से मरा है।

राव बीरेन्द्र सिंह : आप का मतलब है—वहां की इलैक्टेड गवर्नमेंट की बात न मानें, आप की बात को सच मानें।

श्री राम विलास पासवान : यहां जितने बैठे हैं वे सब सिलैक्टेड हैं और वह इलैक्टेड है ? गजब की बात करते हैं। आप क्या सिलैक्टेड हैं या इलैक्टेड हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : The State Government is also elected by the people. It is a popular government. You are also elected. Whom do you want him to follow ?

RAO BIRENDRA SINGH : The State Government or you !

MR. DEPUTY-SPEAKER : You are also elected by the people. The State Government is also elected by the people. The Chief Minister is elected. Whom do you want the Central Government to follow ?

श्री राम विलास पासवान: I do not want that the Central Government should follow me. जो स्टेट गवर्नमेंट डिमाण्ड करती है, जो स्टेट गवर्नमेंट रिपोर्ट देती है, उस पर आप विश्वास करें और उसके मुताबिक दें। मैं चाहता हूं कि केरल की गवर्नमेंट ने आप से

जितना मांगा है, उतना उसे दीजिए। लेकिन जहां आपकी सरकार रहेगी, वहां आप थोड़ा बहुत कर देंगे, लेकिन जहां अपोजिशन की सरकार रहेगी वहां यह भी नहीं करेंगे।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : हमने वेस्ट बंगाल को सबसे ज्यादा दिया, वहां क्या हमारी सरकार है? तमिलनाडु को दिया, आन्ध्र को दिया।

**प्रो० अजित कुमार मेहता** (समस्तीपुर) आपकी सरकार क्या बिहार में नहीं है, इसलिए आप उसको नहीं देंगे?

**श्री राम विलास पासवान** : तमिलनाडु ने जितना मांगा था, उससे बहुत कम दिया। जिस प्रपोरशन में आपने केरल को दिया, उसमें मैं नहीं जाना चाहूंगा। मैं चाहूंगा कि आप केरल सरकार को भी खूब दीजिए लेकिन जहां अपोजिशन को सरकार हो वहां भी आप किसी को भूख से और प्यास से मरने नहीं दीजिए। जब आप कृषि मन्त्री भारत सरकार है तो आप के लिए सब लोग बराबर हैं। आपकी बराबर की दृष्टि रहनी चाहिए।

मैं आपको पढ़कर सुनाना चाहता हूं। श्री रामाश्रयप्रसाद सिंह, हमारे यहां बिहार में मन्त्री हैं। उन्होंने एक चिट्ठी हम सभी एम० पीज० को भेजी है जिसमें उन्होंने बताया है कि उन्होंने केन्द्रीय सरकार से क्या मांग किया था और केन्द्रीय सरकार ने बिहार सरकार को क्या दिया है।

उन्होंने प्रतिमाह एक लाख मीट्रिक टन अनाज मांगा था, केन्द्रीय सरकार ने 50 हजार टन दिया। यह चिट्ठी उन्होंने मेम्बर आफ पार्लियामेंट के पास इसलिए भेजी है कि पार्लियामेंट में मामला उठा कर हमारी रक्षा कीजिए। उन्होंने चीनी प्रतिमाह 40 हजार टन मांगी थी और आपने 29.625 टन दी है। केरोसीन तेल 30 हजार मीट्रिक टन मांगा था, आपने दिया है 23,750 मीट्रिक टन। पाम आयल उन्होंने 780 मीट्रिक टन प्रति माह मांगा था, आपने 200 मीट्रिक टन दिया है। सीमेंट प्रतिमाह 200 मीट्रिक टन मांगा था, आपने दिया। लाख 29 हजार टन। यह चिट्ठी है आपकी बिहार सरकार की। अब मैं कैसे विश्वास करूं?

मैं मन्त्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि देश में जो अभी वर्तमान स्थिति है, उसमें राज्यों में कितनी जमीन सूखे से प्रभावित है, कितने जिले सूखे से प्रभावित हैं? 1982-83 में रबी फसल के लिए क्या लक्ष्य था और कितने उत्पादन की आशा है? मेरे पास आंकड़े हैं लेकिन आप कहेंगे कि आपके पास जो आंकड़े हैं, चूंकि आप अपोजिशन में हैं, इसलिए आप सही नहीं बोलते हैं।

मैं यह भी जानना चाहूंगा कि आपके पास किन-किन राज्यों से कितनी-कितनी सहायता मांगी गयी और कितनी-कितनी सहायता आपने दी? गंगा-कावेरी योजना के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही हो रही है? अण्डर ग्राउण्ड वाटर यूटिलाइजेशन बोर्ड आपका क्या काम कर रहा है। जो आपका रिवर वाटर प्रोजेक्ट है, जो आपका पानी का अपव्यय होता है, उसके लिए सरकार क्या काम कर रही है? यह जो आपकी दूरगामी योजना है, अभी जो लोग भूख से मर रहे हैं, अभी जो लोग प्यास से मर रहे हैं, इस सबके लिए सरकार क्या कर रही है?

**राव बीरेन्द्र सिंह** : मिनिस्ट्री की डीमाण्डस शुरू हो रही हैं, उस पर सब पूछ लेना।

---

**13.00 Hrs.**

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : उपाध्यक्ष महोदय, जो सूचना माननीय पासवान जी ने मांगी है वह पिछली बार के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के समय दी गई थी। उन्होंने पूछा है कि कितना क्षेत्रफल सूखें से प्रभावित है, कितनी जनसंख्या प्रभावित है। इस बारे में पिछली बार विस्तार से सूचना दी थी। अगर

माननीय सदस्य चाहते हैं तो मैं उनको पढ़कर सुना सकता हूं।

**श्री रामविलास पासवान**: लेटेस्ट बताइए।

**श्री मनीराम बागड़ी** : उससे बढ़े नहीं हैं क्या ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : It is only sufficient that to the questions he has put, you should reply.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please sit down. I do not want any other voice other than that of the Hon. Minister.

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : माननीय सदस्य ने अपनी लंबी टिप्पणी में सूखे से प्रभावित गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाया है सरकार का ध्यान इस ओर पहले से ही है। यह बात मैंने अपने लिखित वक्तव्य में भी बताई है और जो सहायता प्रदेश सरकारों को दी गई है उससे भी यह बात स्पष्ट है। अगर पहले दी गई सहायता और इस बार दी गई सहायता को देखें तो इस बात का पता चल जाएगा। इससे यह पता लगता है कि सरकार की नजर में यह कितनी गभीर समस्या है। पिछले वित्तीय वर्ष में कुल मिलाकर 409 करोड़ रुपया और इस बार चालू वित्तीय वर्ष में जून 1983 तक उन राहत कार्यों को पूरा करने के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि स्वीकार की गई है। अभी कुछ फैसले करने बाकी हैं। उन पर जल्दी ही निर्णय लिया जाना है।

पासवान जी की इस बात से मैं सहमत हूं कि इतिहास में कभी ऐसी गंभीर समस्या सूखे की उत्पन्न नहीं हुई। उसी हिसाब से राहत कार्य भी किए जा रहे हैं। जैसे मद्रास में जहां पीने के पानी का संकट है वहां पर रेलवे वैगन्स के जरिए पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है। इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। सरकार इन समस्याओं के प्रति न केवल जागरूक है बल्कि इस समस्या से निपटने के लिए प्रभावी कदम भी उठाए जा रहे हैं। जैसा कि लिखित वक्तव्य में मैंने बताया है कि बहुत सारे काम किए जा रहे हैं।

जहां तक स्टारवेशन डेथ्स के बारे में ध्यान दिलाया गया है, समाचार पत्रों में छपने वाली इस प्रकार की खबरों की ओर हमने राज्य सरकारों का ध्यान दिलाया है। वैसे भी हम समय-समय पर पूछते रहते हैं। राज्य सरकारों से जो सूचना प्राप्त हुई है उसके अनुसार किसी भी राज्य में भूख से कोई मृत्यु नहीं हुई है।

**श्री रामविलास पासवान** : क्या आपने पता लगाया है कि किस कारण से मृत्यु हुई हैं।

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : हमने पता लगाया है।

**कृषि मंत्री (राव वीरेन्द्र सिंह)** : हर बीमारी का अलग-अलग थोड़े ही पता लगाते रहेंगे।

**श्री मनीराम बागड़ी** : भूख की बीमारी तो सबसे बड़ी बीमारी है।

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : राजस्थान के सोलीनिकिया तेल्ली गांव के बारे में कहा गया था। प्रदेश सरकार से सूचना मंगाई गई है। वहां से जानकारी आई है कि वहां पर भूख से कोई मृत्यु नहीं हुई है। वहां पर फैली किसी बीमारी के कारण कुछ लोग मरे हैं।

**श्री रामविलास पासवान** : किस बीमारी के कारण ?

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : बहुत सारी बीमारियां फैलती हैं।

**श्री बी० डी० सिंह (फूलपुर)** : सामूहिक रूप से जब लोग मरते हैं तो किसी बीमारी की वजह से मरते हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : The Minister is definite that it is not a starvation death. Their reply is based on the report of the State Governments.

**श्री मनीराम बागड़ी** : कम खाए, बिना खाए और लगातार कुछ न खाएं तीनों का

मतलब ही स्टारवेशन है। यह आपको समझना चाहिए।

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): The State Government is misleading them.

MR. DEPUTY-SPEAKER: That is different. You may have your own opinion. But their reply will be based on the State Government's report.

**श्री राम विलास पासवान** : अफसोस है कि सरकार स्टारवेशन डैथ्स और अकाल को बहुत हलके ढंग से ले रही है, यह बड़े शर्म की बात है।

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : अभी राम विलास जी कह रहे थे कि हम प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना पर विश्वास न करके अपने अधिकारियों से जानकारी करवाते हैं। हम प्रदेश सरकार की ही बात कर रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना को ही मैं बता रहा हूं। अगर, आप कहें तो राजस्थान सरकार से प्राप्त जो सन्देश है, वह मैं पढ़कर सुना सकता हूं। अगर, आप बीमारी के बारे में जानना चाहते हैं तो उसके बारे में जानकारी लेकर आपको सूचना भेज दी जायेगी।

**श्री मनीराम बागड़ी** : असल में बात यह है कि इसके लिए राव साहब जिम्मेदार नहीं हैं। इसके लिए खाद्य मंत्री जिम्मेदार है। यह तो ऐसी बात हो गई जैसे तीतर का जवाब बटेर और बटेर का जवाब तीतर।

MR. DEPUTY-SPEAKER: M. Mani Ram Bagri is the most privileged Member in the House. He will get up at any time and every time, and the Speaker is also very kind to him.

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : प्रदेश सरकार से हमें जो ज्ञापन प्राप्त होते हैं।

...(व्यवधान)

**श्री मनीराम बागड़ी** : आपको खुद मौके पर जाना चाहिए था। आप उद्घाटन करने चले जाते हैं लेकिन अकाल पीड़ित क्षेत्र में कोई नहीं जाता।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am seriously thinking why we should not leave the Chair to Mr. Mani Ram Bagri, so that he can conduct the House.

**श्री आरिफ मोहम्मद** : प्रदेश सरकार से प्राप्त ज्ञापन में शुरूआत यहीं से हुई है कि सूखे से उत्पन्न समस्या गम्भीर है जितनी मांग विभिन्न प्रदेश सरकारों की तरफ से की गई है वह मांग उसी हद तक जितना उन्होंने मांगा है, जितनी उनकी जनसंख्या और क्षेत्रफल प्रभावित हैं पूरी करते हैं। सातवें वित्तीय कमीशन की सिफारिश के अनुसार हम प्रदेश सरकारों को मार्जिन मनी उनके बजट में देते हैं ताकि वे ऐसी कोई भी दैविक विपदा से निपटने के लिए समर्थ हों और राहत कार्य करने के लिए उनके पास आर्थिक साधन उपलब्ध रहे। इसके अलावा जब भी ज्ञापन प्राप्त होते हैं तो पहले से निर्धारित नियम और मार्ग—निर्देशक सिद्धांतों के अनुसार प्रभावित जनसंख्या और क्षेत्रफल को देखते हुए यह तय करते हैं कि राहत कार्य करने के लिए कितनी आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। कोई एक व्यक्ति बैठकर फैसला नहीं करता है बल्कि जो नार्म्स और गाइड-लाइन्स हैं उन्हीं के अनुसार निर्णय लिया जाता है। ऐसी बात नहीं है कि प्रदेश सरकार से प्राप्त रिपोर्ट पर हम अपने सरकारी अधिकारियों को वहां भेजते हैं और प्रदेश सरकार का तैयार किया हुआ ज्ञापन भी सरकारी अधिकारियों द्वारा ही तैयार किया जाता है। हम वहां जाकर अवश्य देखते हैं और सातवें वित्तीय कमीशन की सिफारिश के अनुसार जो नार्म्स और गाइड-लाइन्स हैं उसके मुताबिक ही फैसला करते हैं। 40 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल और 7 प्रतिशत पानी बह जाना, यह हमसे सीधे संबंधित नहीं है। सवाल यह है कि जो समस्या है उसमें केन्द्र सरकार की तरफ से दी जाने वाली आर्थिक सहायता राहत कार्य करने के लिए है।

**श्री राम विलास पासवान** : लांग-टर्म कोई योजना नहीं है।

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : आपको शायद दूसरी तरफ यह मामला उठाना पड़ेगा।

इस वक्त तो आपने राहत कार्य के लिये सवाल उठाया है कि सूखे से उत्पन्न . . .

**श्री राम विलास पासवान** : जैसे मद्रास में वाटर स्केयरसिटी हुई, मैंने मद्रास का उदाहरण दिया कि वहां जो प्रोजेक्टस थे यदि उनको तैयार कर लिया गया होता तो आज वहां वाटर प्रोब्लम न होती। मन्त्री जी कल के लिए जवाब देंगे, और आने वाले समय के लिये कोई और जवाब देगा ?

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : मैं नहीं कह रहा हूं कि उस मामले पर विचार नहीं किया जा सकता है। निश्चित ही किया जा सकता है, राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार और सदन द्वारा। लेकिन इस वक्त एक निश्चित मामला है सूखे से उत्पन्न समस्या से निपटने के लिये जो राहत कार्य किये जाने हैं और उस पर केन्द्रीय सरकार के द्वारा जो सहायता दी गई है, तो मैं अपने आपको उसी तक सीमित रखना चाहता हूं।

**श्री राम विलास पसवान** : फैमीन कोड को चेंज करने के बारे में आपने कुछ नहीं कहा।

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : आपने जो कहा है, आपके विचारों को हमने नोट किया है।

**श्री रामावतार शास्त्री** : यह तो बारबार कहा जाता है। कितनी बार नोट कीजियेगा।

**श्री राम विलास पासवान** : फैमीन कोड़ तो अंग्रेजों के समय का बना हुआ चल रहा है, उसको चेंज करने के बारे में क्या विचार हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : He wants some information about the Famine Code.

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : मैंने पहले ही कहा हमने पहले भी इस प्रकार विचार किया है, और आपने जो कहा है. We have taken note of it and we shall see what can be done.

PROF. NARAIN CHAND PARASHAR (Hamirpur) : After the Minister's reply not much is left and I am grateful to him that when our State Government of Himachal Pradesh approached the hon. Minister for immediate relief on account of drought conditions in the State he was very sympathetic and quick as he has been conversant with the areas of our State, being himself a Minister in Punjab and he saw to it that most of the State Government's demands were immediately met.

Financial assistance to the tune of Rs. 19 crores was sanctioned to our State and it gave enough scope for generation of fresh employment and also for carrying on some works of relief.

But I want to draw the Minister's attention that the amount has not been sufficient and some more money is required on that score too. But the present notice that I gave was in relation to the current situation where snow, storms and heavy rain, etc. have been responsible for the damage to crops.

It has been reported in the Press also that Simla and the Upper reaches of Himachal Pradesh and also various parts in the State have been subjected to heavy snowfall and most of the standing crops have been destroyed. The districts of Solan and Hamirpur and other areas have been subjected to severe rains. So, on the one hand, the State has suffered—our State, Jammu & Kashmir, some areas of UP adjoining our State have suffered on account of the drought last year and in the previous months of the present year. Now, at the moment, our State is suffering, so also is J & K and so are the hill areas of UP—from heavy sleet, snow storm and heavy rain. So, immediate attention of the Government is required in this direction and through you I want to draw the attention of the House and the hon. Minister to the extensive damage being caused to the cash crops and the fruit crops and the foodgrain crops in Himachal Pradesh and request him for immediate relief on this score.

MR DEPUTY-SPEAKER : He is correct in following the Calling Attention

rules. Only 3 minutes he has taken... He follows the rules.

SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN : We act and proceed as and when we receive memorandum from the State Government regarding damage by drought or by some other natural calamity. On the earlier memorandum, we have received from the Himachal Pradesh Government, a decision has already been taken and sanction has been issued, and no other memorandum of Himachal Pradesh is pending with the Central Government. As I said earlier, we can act and proceed only when we receive a memorandum from the State Government.

PROF, NARAIN CHAND PARASHAR: The government there is in the process of formation and the memorandum will reach you soon.

MR. DEPUTY-SPEAKER : You please expedite the memorandum. Now, Shri Jai Pal Singh Kashyap. You are starting at 1.15.

**श्री जगपाल सिंह** (हरिद्वार) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आंकड़े देकर अपनी बात ज्यादा लम्बी नहीं करना चाहता हूं। सरकार के पास भी सब सूचनाएं हैं और हमारे पास भी हैं।

मामला बड़ा संजीदा है, स्थिति और गम्भीर होती जा रही है, बावजूद इसके कि करोड़ों-करोड़ों रुपया सिंचाई पर, लोगों को ज्यादा अनाज देने पर, नियोजन पर खर्च किया जा रहा है। पूरे देश की स्थिति सरकार के सामने है। 10 प्रदेशों के अन्दर लोग अनाज और पानी के बगैर मर जायें और वह भी 35 साल की आजादी के बाद, तो यह कलंक सरकार पर ही नहीं पूरे देश के जिम्मेदार लोगों पर है।

सबसे बड़ी विपत्ति इस देश में पानी की वजह से होती है। लाखों लोग बेघर हो जाते हैं पानी की वजह से ही और लाखों करोड़ों भूखे-प्यासे मर जायें, वह भी पानी की वजह से ही होता है। इससे बड़ा अभिशाप इस सरकार पर और कोई नहीं हो सकता है।

राहत कार्य आपत्ति आने पर आप करते हैं। जो दैवी आपत्तियां आती हैं, उनसे लड़ने के लिये, उन्हें खत्म करने के लिये आप क्या कार्य कर रहे हैं? राहत कार्य जो आप कर रहे हैं, वह अच्छे हैं या बुरे हैं, उस पर मैं नहीं जाना चाहता, लेकिन इन दैवी आपदाओं को खत्म करने के लिये आपकी क्या योजना है? इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिये।

40 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल भी आप नहीं कर पाते हैं। पहाड़ों पर इतनी बर्फ गिरती है लेकिन वह सब पानी बेकार चला जाता है। बरसात का पानी इकट्ठा करने की आपने कोई योजना नहीं बनाई। आदिवासी लोगों को, आप मध्य प्रदेश, बिहार कहीं जाकर देख सकते हैं, आज 35 साल के बाद भी पीने का पानी नहीं मिलता। जब सूखे की स्थिति नहीं होती है, उस समय भी आप उनको पानी नहीं दे पाते हैं, वह लोग बरसात का पानी पीते हैं। आज उड़ीसा, बिहार, मध्य प्रदेश और दक्षिण में भी लाखों करोड़ों लोग बरसात का पानी ही पीते हैं। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या यह अकाल की स्थिति नहीं है? आप पानी की भी व्यवस्था न कर पायें और लाखों लोग भूख-प्यास से मर जाय, तो यह क्या है?

राव साहब सदन में हर साल कहते रहते हैं कि अनाज का उत्पादन रिकार्ड तोड़ रहा है लेकिन फिर भी यह सरकार विदेशों से अनाज मंगाती हैं। 40 लाख टन अनाज हम विदेशी मुद्रा खर्च कर के मंगाते हैं। ऐसी भयानक स्थिति में भी आप अनाज और पानी के मामले में अपने को आत्मनिर्भर नहीं कर पाये हैं, इसकी पूरी जिम्मेदारी आपकी सरकार पर है।

जब बरसात के पानी से पूरा उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल और उड़ीसा बह जाता हो और उसी पानी के बगैर पूरे मुल्क के जानवर और इन्सान प्यासे मरते हों, तो क्या उस पानी को कंट्रोल करने के लिए सरकार के पास कोई

लम्बी योजना है; अगर नहीं है, तो इसका मतलब यह है कि सरकार हर साल जो राहत-कार्य चलाती है, उसका उद्देश्य दैवी आपत्तियों को खत्म करना नहीं होता, बल्कि सरकार की मंशा सिर्फ जनता को दिलासा देने की होती है।

चीन हमसे दो साल बाद आजाद हुआ था। उसको दुनिया के किसी मुल्क ने आज से पांच साल पहले तक अनाज का एक दाना नहीं दिया, कोई वैज्ञानिक जानकारी और साधन नहीं दिए। मगर आज वहां पर एक भी इन्सान भूखा या प्यासा नहीं मरता है। लेकिन इस देश की आधी से ज्यादा आबादी—37 करोड़ लोग—गरीबी की रेखा से नीचे का जीवन बिता रहे हैं। उनको पानी नहीं मिलता है, अनाज नहीं मिलता है, कपड़ा नहीं मिलता है। यह आजादी कैसी है ! दुनिया के किसी भी मुल्क में, यहां तक कि अरब देशों जैसे रेगिस्तानी मुल्कों में भी, जहां हजारों मीलों तक रेत ही रेत है, लोग प्यासे नहीं मरते हैं। इस देश में अथाह पानी के साधन हैं, यहां पर कावेरी, महानदी, गंगा और यमुना जैसी नदियां हैं, जिनमें लगातार पहाड़ों से बर्फ का पानी आता है। लेकिन सरकार उस पानी का ठीक उपयोग नहीं कर पाती है।

जहां तक अनाज का सम्बन्ध है, इससे बड़ी नासमझी दुनिया का कोई भी प्राइम मिनिस्टर, किसी भी पार्टी की सरकार नहीं कर सकती है। इस देश में दुनिया का सबसे बड़ा मैदान अनाज पैदा करने के लिए है। हमारे पास साधन हैं, इन्सान की बहुत बड़ी ताकत है, लेकिन क्या सरकार ने भुखमरी को खत्म करने के लिए कोई योजना बनाई है ? उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा या किसी एक प्रदेश को सरकार छांट ले और बफर स्टाक बनाने के लिए उसे अतिरिक्त सिंचाई-साधन मुहैया करे। एक उत्तर प्रदेश को वह छांट ले। अकेला उत्तर प्रदेश हिन्दुस्तान ही नहीं, पूरी दुनिया को अनाज दे सकता है। क्या सरकार भविष्य में भुखमरी को निपटने के लिए देश के किसी प्रदेश को प्राथमिकता देकर अनाज पैदा करने की योजना बनाएगी ? दुनिया के हर मुल्क में, चाहे वह कनाडा हो या अमरीका, ऐसे इलाके हैं, जहां जरूरत से ज्यादा अनाज पैदा किया जा सकता है।

अगले साल भी अकाल और सूखा पड़ेगा। उससे निपटने के लिए सरकार के पास कौन सी योजना है ? देश में सब कुछ होते हुए भी सरकार कब तक अमरीका से अनाज मंगाती रहेगी ? अगर सरकार भविष्य में भा अमरीका से अनाज मंगाती रही और उसने हिन्दुस्तान की खेती के विकास को प्राथमिकता न दी, तो यह एक देशद्रोही कार्य होगा। इसका मतलब यह है कि वह देशभक्त नहीं है। अगर उसमें देशभक्ति का माद्दा हो, तो वह खेती को प्राथमिकता दे, ताकि हमारी इकानोमी में सुधार हो। अगर सरकार खेती की प्राडक्शन को नहीं बढ़ाती, तो वह भुखमरी से कैसे निपट सकती है ? नहीं निपट सकती। आने वाले समय में भुखमरी से निपटने के लिए सरकार कौन सी योजना बनाने जा रही है ? किसानों और खेती को सब प्रकार की छूट देकर अनाज, दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए कौन सी योजना उसके पास है ? लोग प्यासे न मरें, इसके लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए कौन सी योजना उसके पास है ? यह समस्या बहुत गम्भीर है और लगातार अधिक गम्भीर होती जा रही है।

डा० दस्तूर ने एक योजना बनाई थी, जिसके अन्तर्गत काश्मीर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक सब नदियों को जोड़ा जा सकता है। जब यह सरकार खेल-कूद पर 3,000 करोड रुपए खर्च कर सकती है, तो वह उस योजनों पर पैसा क्यों नहीं खर्च करती ? डा० दस्तूर की योजना को कार्यान्वित करने के लिए अगर वर्ल्ड बैंक और इन्टरनेशनल मानिटरी फंड से कर्ज लेना पड़े, तो सरकार ले।

सारा मुल्क आपके साथ होगा। लेकिन खेल-कूद पर तो आप खर्चा कर दें और राजस्थान कैनाल पर खर्चा न करें इसका क्या औचित्य है ? राजस्थान कैनाल की जो सात अरब की योजना थी वह बढ़कर 14 अरब तक पहुंच गई है। आपने एशियाड समय पर पूरा किया और बड़े गर्व के साथ आप कहते हैं कि समय पर पूरा कर दिया लेकिन आपकी कोई भी सिंचाई की योजना समय पर पूरी नहीं हुई है। सिंचाई की योजनाओं को भी आप समय पर पूरा क्यों नहीं करते हैं ? जिनके कारण इन योजनाओं में देरी होती है उन अधिकारियों तथा ठेकेदारों के खिलाफ आप कोई कार्यवाही भी नहीं करते हैं। तो मैं जानना चाहता हूं कि आपने जो सिंचाई की योजनायें बनाई हैं, उनको समयबद्ध करके कब तक पूरा करेंगे ताकि प्यास और भुखमरी से लोग न मरें ? दूसरे, दस्तूर योजना के बारे में सरकार की क्या योजना है, क्या प्रतिक्रिया है ? कश्मीर से बंगाल की खाड़ी तक पानी बहकर नदियों के मोहानों से 60 प्रतिशत से अधिक सागर में चला जाता है उसको रोकने के लिए आपकी क्या योजना है ? वही पानी उत्तर भारत को बाढ़ से भी मिटाता है तो पहाड़ों पर प्राकृतिक बांध बनाकर उस पानी का बफर स्टाक बनाने के लिए आप क्या कर रहे हैं ?

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न उठाए हैं उनमें से अधिकतर सिंचाई मंत्रालय से संबंधित हैं। आज सौभाग्य से सिंचाई मंत्रालय की मांगों पर चर्चा भी होनी है। अत. माननीय सदस्य को दोबारा भाषण नहीं करना पड़ेगा और माननीय मन्त्री जी इनका उत्तर भी दे देंगे।

एक बात मुझे कहनी है कि रूरल डेवलपमेन्ट मंत्रालय की ओर से जो ड्राउट प्रोन एरिया प्रोग्राम डेजर्ट डेवलपमेन्ट प्रोग्राम, एक्सटैंशन आफ इरीगेशन प्रोग्राम, माइनर इरीगेशन प्रोग्राम और कमाण्ड एरिया डेवलपमेन्ट प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं या और भी जो योजनायें बनाई गई हैं, जिन पर इस सदन में चर्चा होती है, उनका एक ही उद्देश्य है कि जनता को प्राकृतिक आपदाओं से तथा भुखमरी से मुक्ति दिलाई जाए। इन सारी योजनाओं का एक ही उद्देश्य है कि इन विपदाओं से, बेकारी से, भूख से, गरीबी से अपने देशवासियों को मुक्ति दिलाई जाए और इसीलिए बड़े पैमाने पर यह कार्य किए जा रहे हैं। समस्या निश्चित ही बड़ी गम्भीर है लेकिन सरकार ने भी उसी गम्भीरता के साथ उससे निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। मैं समझता हूं माननीय सदस्य इसको एप्रिशिएट करेंगे।

**श्री राम सिंह शाक्य (इटावा)** : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मन्त्री का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि आज सारा देश सूखे से भयभीत है। तमाम लोग इधर से उधर भाग रहे हैं। जहां तक राजस्थान का सवाल है, लाखों लोग भोजन तथा रोजगार की तलाश में दूसरी जगहों पर जा रहे हैं। पांच वर्षों से लगातार राजस्थान में सूखा पड़ रहा है। 27 में से 26 जिले सूखाग्रस्त हैं।

जैसा कि "आज" राजस्थान के समाचार पत्र में दिया गया है कि 23,572 गांवों में 1 करोड़ 77 लाख से अधिक निवासी भूख से परेशान हैं और लगभग 2.5 करोड़ मवेशी हैं, जिनके लिए चारे और पानी की व्यवस्था नहीं है। वहां लोग भूख से परेशान होकर घास और पत्तियों पर अपना जीवन निर्वाह कर रहे हैं। जब मनुष्य घास और पत्ती खाएगा, पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होगी, गन्दा पानी पीएगा, तो निश्चित तरीके से कोई न कोई बीमारी उत्पन्न होगी। इस प्रकार जब बीमारी से मरेगा तो रिपोर्ट आएगी कि बीमारी से मर गया है। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर वास्तविकता क्या है ? पीने को पानी नहीं मिलेगा, खाने को अनाज नहीं मिलेगा, लोगों में बीमारी पैदा होगी और लोग

मरगे। चूंकि बीमारी से मरे हैं, इसलिए यह खबर कभी नहीं आती है कि भूख से मरे हैं। हर प्रदेश में लोग भूख से मर रहे हैं, लेकिन इसको दर्शाया नहीं जाता है।

सात अप्रैल को इसी सदन में हमारे साथी श्री नरसिंह सूर्यवंशी ने नियम 377 के अधीन इस सवाल को उठाया था। उन्होंने कहा था कि कर्नाटक के बिडार जिले में 657 गांवों में से 250 गांवों में पीने के पानी की कमी है। इस जिले में पानी का लैवल है, वहां पर हैंडपम्प लगाकर और अन्य साधनों से पानी को निकाला जा सकता है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इस बारे में तुरन्त व्यवस्था करके पानी की व्यवस्था कर रही है? कृपया यह भी बतायें कि क्या कदम उठाए गए हैं। तमिलनाडु का मदुरई जिला, जो कि दूसरे नम्बर का जिला है। वहां दस लाख की आबादी है। वहां पर भी पीने के पानी की समस्या है। 1976 में राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से कोलार पेयजल योजना की मंजूरी मांगी थी, यदि सरकार ने उस योजना की मंजूरी दे दी होती और तैयारी हो जाती, तो संभवतः इस संकट में कुछ कमी आ जाती और वहां के लोगों को मदद मिलती सरकार इस तरह के कामों को लगातार टालती रहती है, जिससे आज पूरे देश में यह संकट छाया हुआ है।

इस प्रदेश के अलावा केरल और उत्तर प्रदेश, बिहार तथा अन्य प्रदेशों में भी यही समस्या है। जहां राहत कार्य की बात है। सरकार जो भी राहत कार्य देती है, उसकी व्यवस्था इस तरह की है कि वह राहतकार्य, अनाज, गेहूं व चावल, उन लोगों के पास नहीं पहुंच पाता है, जिनको कि मिलना चाहिए। जब किसी जिले में गेहूं दिया जाता है, तो वहां के लेखापाल से रिपोर्ट मंगाई जाती है।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : तमिलनाडु की बात कर रहे हैं।

**श्री राम सिंह शाक्य** : मैं उत्तर प्रदेश और सब जगहों की बात कर रहा हूं। जब रिपोर्ट मंगाई जाती है। तो उसका अधिकतर हिस्सा वहां के सरकारी कर्मचारी और अन्य लोग खा जाते हैं। होता यह है कि यदि 50 किलो दिया जाना है तो पांच किलो दिया जाता है और 50 किलो का हिसाब कर दिया जाता है। इस तरह की व्यवस्था हर प्रदेश में हो रही है। इस पर आपको ठोस कदम उठाने चाहिए।

मेरा एक सुझाव है कि गरीबों को जो अनाज बांटा जाता है, किस तरह से वह अनाज और चावल गरीबों को दिया जाय इसके बारे में एक योजना बनाई जाय। मान लीजिये, अब आगे बरसात आयेगी, बाढ़ आयेगी, तो बाढ़ या बरसात के पानी के निकास के लिये नालों की जरूरत पड़ेगी। यदि सरकार ने इन नालों के खुदवाने की कोई योजना बनाई है तो यह काम बरसात या बाढ़ के आने से पहले शुरू हो जाना चाहिए। सरकार निश्चय करें कि हम यह काम तुरन्त करायेंगे और इस काम पर इन गरीबों को लगा दिया जाय। कोई बड़ा आदमी इस काम को करने के लिये नहीं जायगा, ये गरीब लोग ही इस काम के लिये आगे आयेंगे, आप उन से नालों को खुदवाने का काम कराइये और बदले में उन को गेहूं और दूसरे अनाज दीजिये।

आज क्या होता है कि ये चीजें एक दम बाँट दी जाती हैं, जिस से यह गरीबों को न मिल कर ऐसे लोगों को मिल जाती हैं जिन को उस की जरूरत नहीं होती है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं—क्या आप बरसात के आने से पहले ऐसी कोई योजना बना रहे हैं जिससे गेहूं गरीबों को मिल जाय, चावल गरीबों को मिल जाय, और बाढ़ के आने से पहले वहां नालों की व्यवस्था हो जाय। अगर मंत्री जी इस सुझाव पर विचार करें तो मेरे विचारों में कुछ हद तक बाढ़ की समस्या का हल हो सकता है।

हमारे बहुत से साथियों के यहां खेती होती है, मेरे यहां भी खेती होती है और आज सब से ज्यादा जरूरत इस बात की है कि गेहूं का उत्पादन अधिक से अधिक बढ़ाया जाय। गेहूं का उत्पादन बढ़ाने के लिये जरूरी है कि गांवों में बिजली नियमित रूप से पहुंचाई जाय। आज होता क्या है—बिजली की व्यवस्था तो है और कहा जाता है कि 8 घन्टे के लिये बिजली आयेगी। लेकिन मैंने खुद देखा है—गांव में आधा घन्टे के लिये बिजली आती है, जैसे ही किसान उस का उपयोग करने के लिये खेत में पहुंचता है, बिजली गायब हो जाती है और पानी खेत तक नहीं पहुंच पाता है। उस के बाद किसान इन्तजार करता रहता है कि कब बिजली आ जाय, पूरी रात उस को जागना पड़ता है लेकिन पानी खेत तक नहीं पहुंच पाता है। अगर इस तरह की व्यवस्था कर दी जाय कि जितने घन्टे भी बिजली दी जाएगी, वह उस को सही तरीके से मिलेगी तो किसान उस का उपयोग कर सकता है,समय से अपने खेतों में पानी पहुंचा सकता है और इस तरह से गेहूं तथा चावल की उपज को बढ़ाया जा सकता है। इस बढ़े हुए उत्पादन से, जैसा मरे साथी ने बतलाया, उत्तर प्रदेश न केवल अपनी आवश्यकता की पूर्ति कर सकता है, बल्कि पंजाब और हरियाणा की तरह सारे देश की आवश्यकता की पूर्ति कर सकता है। सूखे के संकट के समय में देश में अनाज की कमी नहीं रहेगी और देश की आवश्यकता की पूर्ति की जा सकती है। परन्तु दुख यह है कि इस तरह की व्यवस्था की तरफ सरकार का कोई ध्यान नहीं है। कागज पर योजना है कि बिजली दी जा रही है, राहत कार्य चल रहे हैं, गरीबों में अनाज बांटा जा रहा है, लेकिन यदि खुद जा कर देखा जाय तो आप को मालूम होगा कि जितना कहा जाता है उतना काम नहीं हो रहा है। यदि आप इस तरफ ध्यान नहीं देंगे तो यही होगा कि जब सूखा पड़ेगा तो लोगों को समझा दिया जायगा कि तुम्हारे यहां राहत कार्य शुरू कर दिया है, बाढ़ आयेगी तो लोगों से कह दिया जायगा कि तुम्हारे यहां गेहूं और चावल भेज दिया गया है। लेकिन इन सब से कुछ होने वाला नहीं है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि वे इस दिशा में कोई ठोस कदम उठायें, इस तरह की योजना बनायें जिससे कि बाढ़ और सूखे के रास्ते को कन्ट्रोल किया जा सके। अगर यह कन्ट्रोल नहीं हो पाया, तो इस से कुछ नहीं बनेगा कि सूखा पड़ा तो गल्ला बांट दिया, बाढ़ आई तो गल्ला बांट दिया।

**श्री आरिफ मोहम्मद खां :** उपाध्यक्ष जी, सरकार की योजनाएं इसी दृष्टिकोण से बनायी जाती हैं कि इन समस्याओं से प्रभावी ढ़ंग से निबटा जा सके।

राजस्थान के सम्बन्ध में माननीय सदस्य ने जानना चाहा है, खास तौर पर पीने के पानी के विषय में। पिछले वर्ष में वर्षा, शुरू होने से पहले और वर्षा शुरू होने के बाद केन्द्रीय सरकार द्वारा राहत कार्य में केवल पीने के पानी के लिए 24 करोड़ 26 लाख रुपये उपलब्ध कराये गये, इतनी राशि का प्रावधान किया गया।

तमिलनाडू के विषय में मैंने आपको अपने लिखित वक्तव्य में भी बताया था कि उसके बारे में अन्तिम निर्णय लिया जाना बाकी है। लेकिन उन्हें अग्रिम राशि 15 करोड़ रुपये और प्रधान मंत्री सहायता कोष से 10 लाख रुपये उपलब्ध कराये गये हैं। इसके अलावा प्रदेश सरकार के बजट में केन्द्रीय सरकार द्वारा 8 करोड़ 59 लाख रुपये की मार्जिन मनी का भी प्रावधान किया गया। अब नया बजट शुरू हो गया है जिसमें ये सारे प्रावधान हैं।

माननीय सदस्य ने जो चिंता व्यक्त की है, हमारी भी वही चिंता है। नाली आदि के सम्बंध में आपने जो बात कही है, जो धनराशि सहायता कार्य हेतु दी जाती है उसके बारे में हम यही अपेक्षा करते हैं कि नाली खुदवाने का

काम, तालाब खुदवाने का काम इस प्रकार से किया जाए जिससे कि प्रभावित क्षेत्र में जो रोजगार मिल रहा है, वहां केवल रोजगार ही न मिले बल्कि आगे काफी समय के लिए वहां नालियां और तालाब हो जाएं जिससे कि बाढ़ के दिनों में वहां से पानी गुजारा जा सके।

अनाज के बारे में माननीय सदस्य ने पूछा। एन० आर० ई० पी०, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के अन्तर्गत यह प्रावधान है कि जिन्हें मजदूरी दी जाएगी उन्हें उनकी मजदूरी के आंशिक वेतन के रूप में एक किलो अनाज दिया जाएगा। राहत के रूप में एक किलोग्राम गेहूं उनको आंशिक वेतन के रूप में दिया जाए, यह इस कार्यक्रम में है।

किसानों को मिलने वाली बिजली के सम्बन्ध में माननीय सदस्य ने पूछा। केन्द्रीय सरकार, समय समय पर प्रदेश सरकारों को निर्देश देती रहती है कि फसल ठीक से हो, उत्पादन अच्छा हो, इसके लिए उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध करायी जाए। इसके अलावा केन्द्रीय दल भी प्रदेशों को भेजे जाते रहते हैं, यही मोनेटरिंग करने के लिए।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** (आंवला) : डिप्टी स्पीकर महोदय, तन्नीर तन्नीर तमिलनाडु इल्लै, तन्नीर तन्नीर राजस्थान, इल्लै। तन्नीर तन्नीर भारत इल्लै। भारत में आज कहीं भी पानी नहीं है। यह सारा गुस्सा इन्द्र भगवान पर तो है मगर इन्दिरा देवी भी हमारी तरफ ध्यान नहीं दे रही इन्दिरी देवी देश की तरफ ध्यान नहीं दे रही हैं।

जो उत्तर मंत्री महोदय की तरफ से आये हैं और इतने महत्वपूर्ण प्रश्न पर आये हैं, उनसे मालूम होता है कि सिंचाई मंत्रालय, खाद्य और आपूर्ति मंत्रालय, कृषि मंत्रालय और ऊर्जा मंत्रालय के बीच में खिचाव है। इसी खिचाव की वजह से सही रूप से इस प्रश्न की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर सुखा और अकाल के प्रश्न पर सरकार का ध्यान जाता तो क्या इस देश में इस तरह से फिजूलखर्ची चलती रहती ? पांच स्टारी वाले होटल चल रहे हैं, दावतें चल रही हैं, रंगारंग कार्यक्रम चल रहे हैं। फाइव स्टोरी होटल बनते चले जाएं और देश में कोई नोटिस न ले। एक तरफ तो लोगों को पानी और अनाज नहीं मिल रहा है, रोजगार नहीं मिल रहा है और दूसरी तरफ सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। सरकार इन चीजों पर ध्यान न देकर के फिजूलखर्ची पर, खेलों पर, और नाच-रंग प्र खर्च कर रही है। इस राशि को राहत कार्यों पर खर्च किया जाना चाहिए था।

योजनाओं के संबंध में आपने कुछ बातें कहीं हैं। मैं कुछ बातों की ओर आपका ध्यान दिलाऊंगा। सरकार इन बातों की ओर ध्यान दे। सरकार शब्द का प्रयोग मैं इसलिए कर रहा हूं क्योंकि यह समस्या कई मंत्रालयों से संबंधित है। इन समस्याओं को देखते हुए भविष्य की योजना बनाइए।

सूखे का प्रश्न बाढ़ से जुड़ा हुआ है। बरसात का मीठा पानी बहकर खारे समुद्र में मिल जाता है। नदियों को गहरा और चौड़ा करें। इनके दोनों ओर बाँध बनाकर पेड़ लगाएं। उन नदियों में 2, 4, 6 या 10 किलोमीटर की दूरी पर बड़े बड़े तालाब बनाकर पानी इक्ट्ठा करें। बरसाती नहरें बनाएं। इससे जो पानी बहकर बिहार और बंगाल की ओर चला जाता है उसे वहां से डायवर्ट करके राजस्थान और मध्य प्रदेश के सूखाग्रस्त क्षेत्रों की ओर भेजा जा सकेगा। इससे यह पानी बेकार न जाकर सिंचाई के काम में आएगा। इन बरसाती नहरों से आपको बाद में पानी नहीं मिलेगा लेकिन धान, गन्ना, जूट आदि की फसलों को इनसे लाभ हो सकता है। इसके लिए एक बहुत लम्बी योजना तैयार करनी होगी। इस समय तो आपको रोजगार पर विशेष ध्यान देना चाहिए। रोजगार न मिलने की वजह से लोग पलायन करके दूसरे शहरों

की ओर जा रहे हैं। जिस तरह से सरकार अपनी जिम्मेदारी से पलायन कर रही है। और एक मंत्रालय अपनी जिम्मेदारी दूसरे मंत्रालय पर डाल रहा है इसी तरह से वहां पर लोग बेरोजगारी से परेशान होकर दूसरे शहरों की ओर जा रहे हैं। इसे रोकने के लिए उनको वहीं पर रोजगार उपलब्ध कराना होगा। इसमें कोई शक नहीं कि आप मृत्यु की जिम्मेदारी स्वास्थ्य मंत्रालय पर डाल सकते हैं। जब लोग घास खाएंगे तो बीमारियाँ उत्पन्न होंगी। जिस तरह से चौधरी चरण सिंह जी ने कहा था कि भुखमरी की सूचना देने की जिम्मेदारी गांव के प्रधान और लेखा-पाल की है, इस तरह की व्यवस्था आपको भी करनी चाहिए। इस तरह की जिम्मेदारी गांवों के प्रधानों और लेखापालों पर डालें कि वे जानकारी एकत्र करके जिलाधीशों को दें और वे जानकारी एकत्र करके सरकार को भेजें। इससे सही स्थिति का पता लगेगा कि कहां भुखमरी है।

इसके अलावा यह भी देखना होगा कि डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम कायदे से चले और दवाइयां वगैरह भी वहां पर पहुंचें। दवाओं की आवश्यकता उनको अधिक होती है क्योंकि वहां पर लोग कमजोर होते हैं। बच्चों के लिए दूध और भोजन की व्यवस्था भी करनी आवश्यक है। नलकूप लगाए जाएं और जहां पर नलकूप नहीं लगाए जा सकते वहां पर जलाशय कायम करने चाहिए। पहले शासक लोग जलाशय बनाया करते थे। उसका वज्ञानिक महत्व था। जब बाढ़ आती है तो मिट्टी की उर्वराशक्ति बह जाती है। एक इंच मिट्टी की तह बनने में हजारों साल लग जाते हैं।

अगर पानी तालाबों में जायेगा और तालाबों से पुनः सिंचाई के काम में लाया जायेगा तो तालाबों में उर्वरक शक्ति वाली मिट्टी जायेगी और पुनः खेतों में सिंचाई के साथ-साथ आ जायेगी। इससे मिट्टी समुद्र में या दूसरे स्थानों पर नहीं जायेगी। पूरी धरती का पांच फीसदी हर गांव पंचायत में तालाब बनाकर पानी को इकट्ठा करने की व्यवस्था करें जिससे पानी सिंचाई के काम में आ सके। जब तक आप कोई लम्बी योजना नहीं बनायेंगे तब तक काम नहीं चल सकता। एक बात की ओर मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं और मैं जानता हूं कि मैं उसका जानकार नहीं हूं। लेकिन चर्चाएं होती हैं कि जो यूकेलिप्टस या सफेदे का पेड़ है, उसको ऐसे स्थानों पर लगाया जाए तो वह फायदेमन्द होता है। जहां पर पानी ज्यादा है या दलदल है तो पानी उस सतह से नीचे चला जाता है। सूखाग्रस्त क्षेत्रों में यह पेड़ हो जाता है। उसको बहुत ज्यादा पानी चाहिए। पानी की सतह उससे नीचे चली जाती है और सूखे का प्रभाव ज्यादा बढ़ जाता है। अगर ऐसी बात नहीं है तो में नहीं कहना चाहता। लेकिन, अगर है तो आज देश में इन पेड़ों का रोपण हो रहा है। आप नदियों और बांधों के किनारों पर बबूल, पीपल और फलदार वृक्षों का भी रोपण करें। यूक्लीपट्स के पेड़ से पानी की सतह नीचे आ रही हो जिस से सूखे पर प्रभाव पड़ता है, तो मैं सरकार से अनुरोध करूंगा वहां वृक्षारपोण को रोकने का प्रयास करे। मैं जानना चाहूंगा कि इन समस्याओं को दूर करने के लिए क्या सरकार कोई योजना बना रही है? इन्द्र भगवान तो गुस्से में हैं लेकिन इन्दिरा देवी जी का ध्यान हमारी तरफ दिलवा दीजिए।

**श्री आरिफ मोहम्मद खां:** माननीय सदस्य विषय से पलायन कर गए, उन्हें इजाजत है। मैं समझता हूं, आप मुझे इसकी इजाजत नहीं देंगे कि मैं विषय से पलायन करूं। माननीय सदस्य ने अपनी बात के मध्य में माननीय चौधरी चरण सिंह का अनुकरण करने के लिए कहा है। शायद, फिर वह हमसे कहने लगें कि हम गन्ने के किसानों से यह कहें कि गन्ने के खेत में आग लगा दो। इससे बड़ी मुश्किल हो जायेगी।

**श्री जलपाल सिंह कश्यप** : आज गन्ने के किसान को 6 या 7 रुपए का भाव मिल रहा है जबकि खाद, पानी, बिजली और डीजल आदि सभी के दाम बढ़ गए हैं। उस जमाने में कम से कम ये चीजें तो सस्ती थीं। आज 13 रुपए एक बैलगाड़ी पर लग रहे हैं ।. . . **(व्यवधान)**

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** : मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं। मैं एक अनुरोध कर रहा हूं कि हमें हमारे तरीके से हमारी नीतियों और सिद्धान्तों के अनुसार ही काम करने दीजिए। ऐसा अनुकरण करने के लिए कहिए कि जिससे आपके लिए, हमारे लिए और देश के लिए भी पैदा हो जाए। ग्राम पंचायतों में नलकूपों और जलाशयों आदि के संबंध में जो योजना है, वह केन्द्र सरकार से मिलने वाली सहायता के अन्तर्गत ही आती है। उसमें यही कोशिश है कि ग्राम पंचायतों में प्रभावित क्षेत्रों में जलाशय बनाए जा सकें। भुखमरी के संबंध में आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए हम प्रदेश सरकारों से बराबर सम्पर्क बनाए रखते हैं और जो कुछ सहायता करना सम्भव होता है, वह करते हैं। बिहार सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार या दूसरी प्रदेश सरकारों से जब भी सूचना प्राप्त होती है तो हम ग्राम पंचायतों के स्तर पर या अपने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित कराते हैं कि वहां कुछ न कुछ अनाज रहे जिससे भुखमरी की स्थिति पैदा न होने पाए।

---

**13.55 Hrs.**

## MATTERS UNDER RULE 377

**(i) Connecting Udaipur and Delhi by a Superfast train.**

**श्री भीखा भाई (बांसवाड़ा)** : श्रीमन्, मैं सदन का ध्यान राजस्थान के कश्मीर प्रदेश उदयपुर की ओर दिलाना चाहता हूं। यहां से हजारों की संख्या में लोग प्रति सप्ताह, प्रति दिन अहमदाबाद व दिल्ली आते जाते हैं। इस प्रदेश में आवगमन के साधन वैसे ही बहुत कम हैं। तथापि रेल व्यवस्था का बिल्कुल अभाव है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र बांसवाड़ा-डूंगरपुर से भी उदयपुर एवं दिल्ली का मिलाना रेल व्यवस्था से अति आवश्यक है। मेरा सुझाव है कि जिस प्रकार सरकार ने अभी जोधपुर से सुपर फास्ट ट्रेनों व दिल्ली से अहमदाबाद को जोड़ा है उसी तरह से उदयपुर को दिल्ली व मेरे निर्वाचन क्षेत्र बांसवाड़ा-डूंगरपुर होते हुए, अहमदाबाद से सुपर फास्ट ट्रेनों से शीघ्र जोड़ा जाये।

**(ii) Financial Assistauce to Kerala to meet drought situation in the state.**

PROF. P.J. KURIEN (Mavelikara) : Kerala is under the grip of a severe and out of 1300 villages in the State 900 have already been declared drought affected by the Government of Kerala. Never before in the history of Kerala has witnessed a drought ot this magnitude. Not only that the prices of rice and other commodities have shot up, but also they are scarcely available in the market. In many villages the situation is so grave that people are not getting even drinking water.

The economy of the State is on the verge of ruin. Adding fuel to fire, the power generation has fallen steeply resulting in loss of revenues to the exchequer and fall in production in the industrial sector. All these have created an unprecedented and very serious situation demanding the immediate attention of the Central Government. If the Central Government do not rush to provide necessary assistance, the consequences will be alarming, as the situation may lead to starvation-death and spreading of epidemics.

In view of the above serious situation, the Kerala Government have asked for a special assistance of Rs. 200 crores from the Centre. This amount itself is too meagre considering the gravity and magnitude of the problem. The Chief Minister of Kerala has also met the Prime Minister and Finance Minister and made representations in this regard.